# आन्तरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (IQAC) की द्वितीय बैठक का कार्यवृत्त

**दिनॉक:** 08.02.2021 **समय:** अपरान्ह 3.00 बजे

**स्थान:** 'अधिष्ठाता कृषि संकाय समिति कक्ष'

**उपस्थित सदस्यगण:**

1. डा0 धर्मराज सिंह
2. डा0 सी0पी0 सचान
3. डा0 जे0पी0 यादव
4. डा0 आर0 के0 यादव
5. डा0 मुक्ता गर्ग
6. श्री जी0एस0 कटियार
7. डा0 मोहम्मद शमीम
8. डा0 राम आशीष यादव
9. डा0 मनोज कटियार
10. डा0 राम प्यारे
11. डा0 पी0के सिंह
12. डा0 धनंजय सिंह (आमंत्रित सदस्य)

अधिष्ठाता कृषि संकाय के समिति कक्ष में, आन्तरिक गुणवत्ता आश्वासन सेल (IQAC) की द्वितीय बैठक का आयोजन डा0 धर्म राज सिंह, अधिष्ठाता कृषि संकाय की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। IQAC सेल के संयोजक डा0 पी0के0 सिंह ने सभी सदस्यों का स्वागत किया तथा IQAC की प्रथम बैठक के कार्यवृत्त पर प्रकाश डाला। चर्चा के दौरान गुणवत्ता परक शिक्षा से सम्बन्धित विषयों पर गहन विचार–विमर्श एवं वर्तमान बैठक के एजेण्डा पर निम्न बिन्दुओं पर कार्यवाही सुनिश्चित करने का निर्णय लिया गया।

1. समस्त कक्षाओं में छात्रों एवं छात्राओं के अध्ययन हेतु स्मार्ट क्लास विकसित करने के लिये भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली द्वारा विगत पॉच वर्षों में प्रदत्त धनराशि का वितरण एवं उपयोग विवरण डा0 राम प्यारे, नोडल अधिकारी एक सप्ताह के अन्दर प्रस्तुत करेगें तथा किये गये कार्यों का भौतिक सत्यापन एक समिति द्वारा कराया जाय।

   **कार्यवाही– नोडल अधिकारी (आई.सी.ए.आर.) एवं अधिष्ठाता कृषि संकाय**

2. अधिष्ठाता कृषि संकाय ने अवगत कराया कि वर्तमान में स्नातक स्तर की कक्षाओं के सुचारु रूप से संचालन हेतु 6 क्लास रूम (R-1, R-5, ZR, CR, PR, BR) को पूर्ण रूप से स्मार्ट क्लास रूम विकसित करने एवं अन्य समस्त क्लास रूम में LCD Projector, स्टैण्डयुक्त स्क्रीन, White Board, Eraser & Marker के साथ स्थापन हेतु अधिष्ठाता, कृषि संकाय एवं निदेशक शोध के माध्यम से प्रस्ताव NAHEP के अन्तर्गत प्रस्तुत किया गया है।

   **कार्यवाही– निदेशक शोध**

3. शिक्षा अनुभाग, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली द्वारा भारतीय शिक्षा नीति–2020 को लागू करने हेतु उपलब्ध कराये गये ड्राफ्ट पर सभी संकाय अध्यक्ष एवं कुलसचिव गहन अध्ययन उपरान्त आगामी बैठक में सुझाव प्रस्तुत करेगें।

   **कार्यवाही– समस्त संकाय अध्यक्ष एवं कुलसचिव**

4. UG तथा PG कोर्सेज के क्यूरिकलम, डिजाइन एवं डेवलपमेंट तथा Introduction of New courses पर समिति के सदस्यों ने गहन विचार–विर्मश किया गया तथा यह निर्णय लिया गया कि सम्बन्धित संकाय अध्यक्ष किये गये संशोधन एवं अन्य कार्यो को लिपिबद्ध करेगें।

   **कार्यवाही– समस्त अधिष्ठाता/नोडल अधिकारी, आई.सी.ए.आर.**

5. छात्रों में ज्ञान, चिंतन, आत्मबल एवं वाकपटुता आदि गुणों में बढ़ोत्तरी के लिए यह निर्णय लिया गया है कि स्नातकोत्तर स्तर के प्रत्येक पाठ्यक्रम में एक–एक क्वीज प्रतियोगिता, इन्टरेक्टिव सत्र एवं प्रेजेन्टेशन का आयोजन सुनिश्चित किया जाए।

   **कार्यवाही– समस्त अधिष्ठाता**

6. विश्वविद्यालय की शोध उपलब्धियों को उपयुक्त स्थानों पर डिजिटल बोर्ड के माध्यम से प्रदर्शित किये जाने का प्रस्ताव है।

   **कार्यवाही– निदेशक शोध**

7. अधिष्ठाता कृषि संकाय, लखीमपुर कैम्पस ने अवगत कराया कि पठन–पाठन हेतु मूल–भूत सुविधाओं के अभाव की स्थिति में भी, उ0प्र0 शासन के निर्देशानुसार शिक्षण कार्य प्रारम्भ कर दिया गया है। वर्तमान समय में 60 छात्र अध्ययनरत है तथा छात्रायें, छात्रावास इत्यादि के अभाव में विश्वविद्यालय, मुख्यालय पर अध्ययनरत है। स्मार्ट क्लास रूम विकसित करने हेतु प्रस्ताव प्रस्तुत कर दिया गया है। गुणवत्तायुक्त पठन–पाठन हेतु रोड मैप तैयार किया गया है।

   **कार्यवाही– अधिष्ठाता कृषि, लखीमपुर खीरी कैम्पस**

8. अधिष्ठाता, कृषि अभियांत्रिकी इटावा ने अवगत कराया कि इटावा प्रांगण के लिए 5 स्मार्ट क्लास रूम की आवश्यकता है। पुस्तकालय में विषय वस्तु सम्बन्धित पुस्तकों की संख्या कम है, केवल 35 प्रतिशत पुस्तकें उपलब्ध है। इन्टरनेट की सुविधा छात्रावास सहित पूरे–परिसर में उपलब्ध है। छात्रों के लिए समय–समय पर वाह्य व्याख्यान (Extramural Lecture) की व्यवस्था की जाती है तथा 500 प्रश्न बैंक तैयार कर दिया गया है। खेल–कूद एवं वाद–विवाद प्रतियोगिता का नियमिति आयोजन होता है। करीब 30 प्रतिशत पाठ्यक्रम/विषय वस्तु के लिए प्रायोगिक पुस्तिका (Practical Manual) तैयार है एवं शेष विषय वस्तु पर लेखन कार्य प्रगति पर है।

**कार्यवाही– समस्त अधिष्ठाता, इटावा कैम्पस**

9. डा0 मुक्ता गर्ग (सह–प्राध्यापिका) ने गृह विज्ञान संकाय में स्मार्ट क्लास की आवश्यकता बताई। अधिष्ठाता गृह विज्ञान संकाय उपरोक्त हेतु प्रस्ताव प्रस्तुत करें।

**कार्यवाही– अधिष्ठाता, गृह विज्ञान संकाय**

10. प्रभारी, केन्द्रीय पुस्तकालय द्वारा पुस्तकालय में उपलब्ध सुविधायें जो कि शोध एवं शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने में सहायक है कि पूर्ण जानकारी एक सप्ताह के अन्दर उपलब्ध करायी जायेगी।

**कार्यवाही– प्रभारी, केन्द्रीय पुस्तकालय**

11. गहन–विचार विमर्श उपरान्त यह निर्णय लिया गया कि समस्त प्रशासनिक अधिकारी सभी कार्यकलापों एवं गतिविधियों को विधिवत लिपिवद्ध करेगें जो शिक्षा, शोध, प्रसार एवं प्रशासनिक गुणवत्ता बनाये रखने के लिए आवश्यक है।

**कार्यवाही– समस्त अधिष्ठाता, निदेशक शोध एवं प्रसार, कुलसचिव,**
**निदेशक प्रशासन एवं मानीटरिंग, सम्पत्ति एवं प्रशासन अधिकारी**

12. शिक्षण, शोध एवं प्रसार गतिविधियों में आन्तरिक गुणवत्ता बनाये रखने हेतु शिक्षकों/वैज्ञानिकों, छात्रों एवं नियोजकों से फीड बैक प्राप्त करने के संदर्भ में संयोजक, IQAC द्वारा विकसित प्रश्नोत्तरी प्रारूप का सदस्यों द्वारा विस्तृत विचार–विमर्श करने हेतु उपलब्ध कराया गया। गहन विचार–विमर्श उपरान्त यह निर्णय लिया गया कि उपरोक्त प्रश्नोत्तरी को समस्त अधिष्ठाता/निदेशक शोध/प्रसार अपने अधीन कार्यरत शिक्षकों/वैज्ञानिकों से प्रश्नोत्तरी प्रोफार्मा में गुणवत्तापरक सुधार कर संयोजक IQAC को एक सप्ताह के अन्दर उपलब्ध करायें।

**कार्यवाही– समस्त सदस्य,** IQAC

Pusinao